राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com

prrajbhavanbihar@gmail.com

मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राष्ट्रपति से राज्यपाल श्री टंडन ने शिष्टाचार मुलाकात की

पटना, 07 मार्च 2019

महामहिम राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविन्द से आज राष्ट्रपति भवन जाकर बिहार के महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन ने शिष्टाचार मुलाकात की।

महामहिम राज्यपाल श्री टंडन ने महामहिम राष्ट्रपति श्री कोविन्द को उनका एक तैल–चित्र समर्पित किया, जिसकी एक दूसरी प्रतिकृति राजभवन, पटना में भी लगाई गई है। यह तस्वीर प्रख्यात चित्रकार श्री श्याम वर्मा द्वारा बनायी गई है।

राज्यपाल श्री टंडन ने इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान महामहिम राष्ट्रपति को राज्य में उच्च शिक्षा के विकास हेतु किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराया। राष्ट्रपति जी को राज्यपाल श्री टंडन ने बताया कि राज्य के अधिकतर विश्वविद्यालयों में 'एकेडमिक और परीक्षा कैलेण्डर' के अनुरूप सत्र–संचालित हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य के सभी विश्वविद्यालयों में समय पर दीक्षांत–समारोह भी आयोजित हो रहे हैं। 'दीक्षांत समरोहों' में भारतीय संस्कृति के अनुरूप परिधान–व्यवस्था लागू कर दिये जाने की बात भी राज्यपाल श्री टंडन द्वारा राष्ट्रपति जी को बतायी गई। राजभवन में पहली बार 'संविधान दिवस', गाँधीवाद पर परिसंवाद तथा 'उद्यान प्रदर्शनी' के आयोजन की जानकारी भी राज्यपाल ने महामहिम राष्ट्रपति को दी। महामहिम राष्ट्रपति ने इन नयी पहलों की सराहना की।

....